राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

'तृतीय राष्ट्रीय लैक्रोज' प्रतियोगिता में पिछले वर्ष राजस्थान को मिले थे 5 स्वर्ण पदक

ओलम्पिक खेल 'लैक्रोज' के लिए राज्यपाल ने राजस्थान के खिलाड़ियों को दी आर्थिक सौगात

राज्यपाल विवेकाधीन कोटे से राज्य के खिलाड़ियों को 10.20 लाख की वित्तीय सहायता

जयपुर, 27 नवम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अपने विवेकाधीन निधि से राज्य के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए 10.20 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह राशि उन्होंने ओलम्पिक खेल 'लैक्रोज' के जम्मू में आगामी 5 से 7 दिसम्बर 2025 को हो रही द्वितीय फेडरेशन कप में भाग ले रहे खिलाड़ियो के लिए प्रदान की गई है।

श्री बागडे ने लैक्रोज खेल के आगामी लॉस एन्जलिस ओलम्पिक–2028 में सम्मिलित होने पर प्रसन्नता जताते हुए राजस्थान के खिलाड़ियों को अभी से वहां सभी वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार होने का आह्वान किया है।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि राज्यपाल श्री बागडे ने अपने विवेकाधीन कोटे से राज्य के महिला और पुरूष वर्ग में भाग लेने वाले उदयपुर संभाग के 28 खिलाड़ियों के लिए यह राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। इससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन ही नहीं मिलेगा बल्कि वे ओलम्पिक में और अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी से अपने आपको तैयार कर पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री बागडे ने इससे पहले भी 'लैक्रोज' खिलाड़ियों को लगातार आर्थिक सहायता प्रदान की थी। उन्होंने स्वयं खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें राजस्थान को खेलों में अग्रणी करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने 'तृतीय राष्ट्रीय लैक्रोज' प्रतियोगिता 2025–2026 के लिए भी राजस्थान के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए विविकाधीन कोटे से 10 लाख रूपये की अनग्रह राशि लैक्रोज एसोसिएशन ऑफ इण्डिया को हस्तातंरित की थी। इस प्रदत्त आर्थिक सहयोग और प्रोत्साहन से ही लैक्रोज की खेल की राजस्थान टीम ने विभिन्न वर्गों में अधिकृत 6 सभी प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए। राजस्थान को इसके कारण पांच स्वर्ण, एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। राज्यपाल के सहयोग से ही प्रदेश की 9 महिला और 5 पुरूष, कुल 14 स्थानीय खिलाड़ी आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए हैं।

———————

राज्यपाल ने कुलगुरू प्रो. सुनिता मिश्रा का त्यागपत्र स्वीकार किया

जयपुर, 27 नवम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की कुलगुरू प्रो. सुनिता मिश्रा के द्वारा अपने पद से दिए गए त्यागपत्र को स्वीकार किया है। यह त्यागपत्र उनके खिलाफ प्राप्त विभिन्न शिकायतों की संभागीय आयुक्त, उदयपुर की अध्यक्षता में गठित जांच समिति की रिपोर्ट के अध्यधीन स्वीकार किया गया है।

——————